हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 11 सितंबर 2025

04 नशा मुक्त अभियान नहीं आया काम, गोपालपुर...

07 धर्मगुरुओं सहित ग्रामीणों ने लिया बाल-विवाह के...




## खबर संक्षेप

### कृषि उद्योग समागम नवंबर में सीहोर में होगा

**सीहोर।** कृषि विकास एवं किसानों को आधुनिक तकनीकों से सीधे जोड़ने के दृष्टिकोण को क्रियान्वित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य शासन द्वारा इस वर्ष 'कृषि उद्योग समागम-2025 (एग्रीकल्चर इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव) का आयोजन नवंबर माह में सीहोर में किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन वृहद स्तर पर कई विभागों की सहभागिता से किया जाएगा। इसके सफल क्रियान्वयन के लिए राज्य शासन द्वारा समिति गठित की गई है। समिति के अध्यक्ष सचिव, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग होंगे। आयुक्त सह संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विभाग को सदस्य एवं आयुक्त सह संचालक, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग को सदस्य सचिव बनाया गया है। सदस्यों में आयुक्त, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, आयुक्त औद्योगिकी नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, आयुक्त सहकारिता, आयुक्त जनसंपर्क, संचालक मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास, संचालक पशुपालन एवं डेयरी, संचालक कृषि अभियांत्रिकी, प्रबंध संचालक मण्डी बोर्ड, प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश राज्य कृषि उद्योग विकास निगम और मिशन संचालक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन शामिल हैं।

### पिछले 24 घंटे में 3 एमएम बारिश दर्ज

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 13.3, मिलीमीटर, श्यामपुर में 11, आष्टा में 0, जावर में 0, इछावर में 0, भैरूंदा में 0, बुधनी में 0, रेहटी में 0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 10 सितम्बर को सुबह 8 बजे तक 937.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 997.4 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से 10 सितम्बर 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 863.3, मिलीमीटर, श्यामपुर में 879, आष्टा में 708, जावर में 690.6, इछावर में 867.3, भैरूंदा में 984, बुधनी में 1308 तथा रेहटी में 119.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना आवेदन की अंतिम तिथि 18 सितंबर

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2024-25 एवं 2025-26 के अंतर्गत विमुक्त घुमन्तु और अर्द्ध घुमन्तु समुदाय के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के ऑफलाईन नवीन आवेदन प्रारंभ हो गए है, जिसकी अंतिम तिथि 18 सितंबर 2025 है।

### स्मार्ट बिजली मीटर लगने के बाद आए बढ़े हुए बिल को लेकर उपभोक्ताओं ने जताया रोष

# स्मार्ट मीटर से जनता परेशान, अचानक दो गुना बढ़े बिल, कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी

सीहोर। शहर में बिजली कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने के बाद लोगों का बिजली के बिल ज्यादा आ रहे हैं। बुधवार को स्मार्ट बिजली मीटर लगने के बाद आए बढ़े हुए बिल लेकर उपभोक्ताओं ने रोष जताया। वहीं इछावर तहसील में स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल अधिक आने के कारण आत्महत्या करने का प्रयास किया। इस तरह हर रोज जिले स्मार्ट मीटर से जुड़े मामले सामने आ रहे हैं। वहीं अब इस मामले को लेकर कांग्रेस भी हमलावर हो गई। जिला कांग्रेस कमेटी ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

## एक माह में दो बार आए बिजली बिलःस्मार्ट मीटरों को लेकर बढ़ रही शिकायतें, कंपनी कार्यालय में उपभोक्ताओं ने जताया विरोध



**सीहोर।** स्मार्ट मीटर लगने के बाद से बिजली उपभोक्ताओं की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। बुधवार को बड़ी संख्या में उपभोक्ता बिजली कंपनी के कार्यालय पहुंचे और वहां अधिकारियों के सामने जमकर नाराजगी जाहिर की। उनका आरोप था कि स्मार्ट मीटर के जरिए एक ही महीने में दो बार बिजली बिल थमाया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

कई उपभोक्ताओं ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से ही बिजली व्यवस्था को लेकर दिक्कतें शुरू हो गई थीं, लेकिन अब एक ही माह में दो-दो बिल आने से स्थिति असहनीय हो गई है। उपभोक्ताओं का कहना है कि इस बारे में जब उन्होंने कंपनी अधिकारियों से जवाब मांगा तो कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला।

### स्मार्ट मीटर से सहूलियत के बजाय बढ़ी परेशानी

जानकारी के अनुसार, सीहोर शहर में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने का काम बीते कुछ महीनों से किया जा रहा है। कंपनी का दावा था कि इन मीटरों से उपभोक्ताओं को समय पर रीडिंग, सटीक बिल और ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा मिलेगी।

लोगों का आरोप है कि वास्तव में स्थिति इसके अलग है। उपभोक्ताओं को बार-बार मीटर बंद (ऑटो कट) होने, दोहरी बिलिंग और तकनीकी गड़बडियों का सामना करना पड़ रहा है।

### बार-बार लगाना पर रहे बिजली कपंनी के चक्कर

स्थानीय उपभोक्ताओं ने बताया कि कई बार मीटर अपने आप कट हो जाता है और बिजली गुल हो जाती है। शिकायत दर्ज कराने के बाद भी कई दिन तक मीटर चालू नहीं किया जाता। अब दो-दो बार बिल भेजे जाने की समस्या ने उपभोक्ताओं के सब्र का बांध तोड़ दिया है। कंपनी के दावे जहां सुविधा देने के थे, वहीं उपभोक्ता अब बिजली कार्यालय के लगातार चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

### अधिकारी नहीं दे सके संतोषजनक जवाब

बिजली बिल को लेकर शिकायत दर्ज कराने पहुंचे उपभोक्ताओं ने बताया कि कंपनी कार्यालय में मौजूद अधिकारी भी उनकी बातों का कोई स्पष्ट और संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इससे लोगों की नाराजगी और बढ़ गई। उपभोक्ताओं ने मांग की है कि इस गड़बड़ी की जल्द से जल्द जांच हो और दोषी तकनीकी स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## मदद करना पड़ा भारीः बिजली विभाग की मनमानी से तंग ग्रामीण ने की जान देने की कोशिश




सीहोर। इछावर विधानसभा के ग्राम प्रतापपुरा में एक ग्रामीण विद्युत वितरण कंपनी की मनमानी से इतना तंग आ गया कि वह जान देने पर उतारू हो गया। ग्रामीण सबसे पहले ट्रांसफार्मर के पास पहुंचा, जहां ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया, जिसके बाद बिजली कंपनी के सुपर वाइजर के कमरे में पहुंचा, जहां उसने फांसी लगाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीण व परिजनों ने रोक लिया।

जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले बिजली कंपनी के कर्मचारी प्रतापपुरा गांव में बकाया बिल वाले उपभोक्ताओं का पता पूछने आए थे। उस दौरान पीड़ित ग्रामीण ने उनकी मदद करते हुए कुछ घरों के पते बता दिए। जब उन घरों में नोटिस पहुंचे, तो गुस्साए ग्रामीणों ने उसी मददगार को घेर लिया और उस पर दबाव बनाया कि अब वही उनके बिल भरेगा।

### ट्रांसफार्मर के बाद सुपरवाइजर के कमरे में कोशिश

मानसिक दबाव से घबराकर वह ग्रामीण बुधवार को मदद मांगने के लिए बिजली दफ्तर पहुंचा, लेकिन जब सुपरवाइजर ने उसकी मदद करने से इनकार कर दिया तो वह हताश हो गया। पहले उसने ट्रांसफार्मर पर चढ़कर आत्महत्या करने की कोशिश की। लोगों ने उसे मुश्किल से नीचे उतारा। इसके बाद वह सुपरवाइजर के कमरे में घुस गया और फांसी लगाने का प्रयास करने लगा। उसके साथ आईं महिलाओं ने दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला और शांत किया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है।

## विद्युत वितरण कंपनी का नया कारनामा एक माह में दे रहे हैं दो बार बिजली बिल



**सीहोर।** विद्युत विभाग द्वारा लगाये जा रहे स्मार्ट मीटरों पर आये दिन देखी जा रही उपभोक्ताओं की शिकायतों पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बयान जारी करते हुए बताया कि जानकारी के अनुसार, सीहोर जिले में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने का काम बीते कुछ महीनों से किया जा रहा है। जब से यह स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे हैं तभी से उपभोक्ताओं की शिकायत है कि यह स्मार्ट मीटर बार-बार बंद (ऑटो कट) हो रहे हैं, महिनें में दो बार हो रही बिलिंग सहित अन्य तकनीकी गड़बडियों का सामना उपभोक्ताओं को करना पड़ रहा है। स्मार्ट मीटर से परेशान उपभोक्तओं को बार-बार बिजली कपंनी के चक्कर लगाना पड़ रहे।

स्थानीय उपभोक्ताओं द्वारा यह भी जानकारी मिली है कि कि कई बार मीटर अपने आप कट हो जाता है और बिजली गुल हो जाती है। शिकायत दर्ज कराने के बाद भी कई दिन तक मीटर चालू नहीं किया जाता। अब दो-दो बार बिल भेजे जाने की समस्या ने उपभोक्ताओं के सब्र का बांध तोड़ दिया है। कंपनी के दावे जहां सुविधा देने के थे, वहीं उपभोक्ता अब बिजली कार्यालय के लगातार चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

उपभोक्ताओं की स्मार्ट मीटर को लेकर नाराजगी को देखते हुए कांग्रेस पार्टी के द्वारा पूर्व में भी नागरिकों के साथ कई बार बिजली विभाग को स्मार्ट मीटर के विरोध में ज्ञापन सौंपे गये हैं, परन्तु नतिजा जस का तस ही है और देखने में आ रहा है कि सीहोर में स्मार्ट मीटर लगने के बाद से बिजली उपभोक्ताओं की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। इसी समस्या को लेकर बुधवार को भी बड़ी संख्या में उपभोक्ता बिजली कंपनी के कार्यालय पहुंचे और वहां अधिकारियों के सामने जमकर नाराजगी जाहिर की। उनका आरोप था कि स्मार्ट मीटर के जरिए एक ही महीने में दो बार बिजली बिल थमाया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कई उपभोक्ताओं ने यह भी बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से ही बिजली व्यवस्था को लेकर दिक्कतें शुरू हो गई है, लेकिन अब एक ही माह में दो-दो बिल आने से स्थिति असहनीय हो गई है और कंपनी अधिकारियों द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं मिल रहा है। स्मार्ट मीटरों में हो रही गड़बडिय़ों ने उपभोक्ताओं के सब्र का बांध तोड़ दिया है। वे दूसरे और किसानो को सालो पुराने नोटिस थमाकर भी उन्हें डराने का प्रयास किया जा रहा है। जो सही नहीं है। राजीव गुजराती ने मांग की है कि स्मार्ट मीटरों में हो रही गड़बड़ी की जल्द से जल्द जांच हो और दोषी तकनीकी स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की जाए। अन्यथा जनहित में कांग्रेस पार्टी द्वारा आगामी दिनों में जनता के साथ सडक़ पर उतर कर बड़ा आन्दोलन किया जावेगा, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी विद्युत विभाग की होगी।

## दिव्यांग कल्याण व विकास परिषद संपूर्ण भारत शाखा के सदस्यों ने एनआईएमएचआर में प्रदर्शनी लगाई

### राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य व पुर्नवास संस्थान सीहोर के अफसरों ने खरीदा सामान

**सीहोर।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं पुर्नवास संस्थान सीहोर में नो हेल्थ विथाउट मेंटल हेल्थ नेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। मीडिया प्रभारी नरेश मेवाड़ा ने बताया कि इस दौरान दिव्यांग कल्याण एवं विकास परिषद संपूर्ण भारत शाखा सीहोर के सदस्यों ने प्रदर्शनी भी लगाई। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं पुर्नवास संस्थान के अफसरों ने दिव्यांग कल्याण एवं विकास परिषद संपूर्ण भारत शाखा सीहोर के सदस्यों से मनिहारी का सामान , स्कूल बैग, महिलाओं के सूट खरीदे। इस दौरान प्रदेश प्रभारी कमलेश राठौर, जिला अध्यक्ष सुखवेंद्र सिंह दांगी, प्रबंधक उमा चौरसिया, अध्यक्ष प्रतिनिधि विष्णु दांगी, मीडिया प्रभारी पर्वत सिंह, प्रचार मंत्री अरुण समेत कई



दिव्यांग साथी मौजूद थे। इस दौरान राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं पुर्नवास संस्थान सीहोर के अफसरों ने संगठन के लोगों के काम की प्रशंसा भी की। इस दौरान दिव्यांग कल्याण एवं विकास परिषद संपूर्ण भारत शाखा सीहोर संगठन का रजिस्ट्रेशन भी किया गया ताकि आगामी कार्यक्रम में अपनी प्रदर्शन लगा सके।

## निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और तेजी से पूर्ण किए जाएं : कलेक्टर

### कलेक्टर ने किया सीप अंबर-परियोजना के कार्यों का निरीक्षण



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के ग्राम मंडी में सीप-अंबर सिंचाई परियोजना का निरीक्षण किया और परियोजना के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने परियोजना के फेज-1 और फेज-2 के अंतर्गत हो रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परियोजना के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से समयसीमा में पूर्ण करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम मंडी में जल निगम के इंटेकवेल और लाड़कुई के ग्राम चौरसाखेड़ी में जल निगम के जल शोधन केंद्र का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जल निगम की इस परियोजना से चिन्हित ग्रामों के नागरिकों के लिए जलापूर्ति सुनिश्चित होगी। सीप अंबर परियोजना के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि यह परियोजना जिले के किसानों की फसलों की सिंचाई के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। परियोजना के पूर्ण हो जाने पर हजारों हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी और ग्रामीण क्षेत्र में कृषि उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य समय पर और तय मानकों के अनुसार पूरे किए जाएं। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित ठेकेदारों और तकनीकी अमले को निर्देशित किया कि कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए।

### फसल बीमा क्लेम नहीं मिलने पर बीते 20 दिनों से लगातार हो रहे प्रदर्शन

# बीमा राशि और खराब सोयाबीन को हाथों में लेकर महिलाएं उतरी मैदान में, खेतों में किया प्रदर्शन, जमकर लगाए नारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अभी तक तो 20 दिनों से ग्रामीण किसान भोपाल सीहोर शाजापुर जिले के अलग-अलग गांव में कहीं नदी में कहीं पेड़ों पर कहीं रोड पर कहीं पानी की टंकी पर प्रदर्शन कर रहे थे। यह आंदोलन किसान व समाजसेवी एमएमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में पिछले 20 दिनों से किया जा रहा है जिसको लेकर कलेक्टर सीहोर को भी दर्जनों गांव के किसानों ने ट्रॉली भर कर आकर ज्ञापन भी दिया जा चुका है।

जब प्रशासन शासन ने किसानों की सुनवाई नहीं की कोई भी अधिकारी बीमा कंपनी के किसानों के बीच में नहीं पहुंचा खराब सोयाबीन की फसल को देखने नहीं पहुंचा बीमा राशि नहीं मिली तो अब मैदान में महिलाएं किसान खराब फसल के खेतों में उतर आए हैं हाथों में खराब फसल लिए हुए नारे लगा रही हैं इनमें से एक महिला शिप्रा भाई तो इतनी दुखी हुई है। शिप्रा भाई का



कहना है कि मेरी 5 साल से बीमा नहीं मिला हर साल सोयाबीन की फसल बर्बाद हो जाती है 2 दिन से मेरे बच्चों ने खराब सोयाबीन को देखकर खाना तक नहीं खाया शिप्रा भाई से रहा नहीं गया वह खराब सोयाबीन की फसल में बैठकर फूट फूट कर रोने लगी जिसको गांव की अनेकों महिलाओं ने समझाया बुझाया।

शिप्रा बाइ का रो-रोकर बुरा हाल था सभी महिलाओं ने उनको हवा करके उन्हें शांत कराया समझाया बुझाया लेकिन सरकार के बीमा कंपनी के अधिकारियों को जो तक नहीं रहेंगे रहा है अभी तक तो किसान आंदोलन कर रहे थे लेकिन अब महिलाएं मैदान में उतराई। इस मौके पर गोरा बाई उर्मिला परमार अयोध्या बाई अवंती बाई मैं भी अपने-अपने स्तर से दुखड़ा बताया कि हम किस तरह परेशान हैं हम महिलाएं 24 घंटा दिन रात खेतों में काम करते हैं।

छोटे-छोटे बच्चे लेकर खेतों में लेकर दिनभर काम करते रहते हैं सरकार महिलाओं के लिए क्या कर रही है किस महिलाओं के क्या लाभ दे रही है हमें तो कभी छुट्टी मिलती नहीं है और विभाग में सरकारी काम में महिलाओं को तो छुट्टी मिल जाती है हम तो डिलीवरी होने के 15 दिन बाद से खेतों में काम करने लग जाती हैं छोटे-छोटे बच्चों को भी खेतों में ले जाकर काम करती हैं ना तो हमें बीमा राशि मिलती ना किसानों को फसल का सही भाव मिलता है हम दिन रात मेहनत करती घर का काम भी करती हो सुबह से शाम तक खेतों में भी काम करती हूं हमारे को सरकार द्वारा कोई लाभ नहीं मिल पा रहा।



## गोपालपुर थाना क्षेत्र में अवैध रूप से बेची जा रही अवैध शराब पुलिस की पकड़ से दूर तस्कर

# नशा मुक्त अभियान नहीं आया काम, गोपालपुर थाना के तहत कई गांव में बिक रही अवैध देसी शराब

### इटावाकला गांव बिक रही देसी शराब, पुलिस की पकड़ से दूर तस्कर को महिलाओं ने पकड़ पुलिस के हवाले कर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा




तहसील के गोपालपुर पुलिस का नशा मुक्त अभियान नहीं आया काम गोपालपुर थाना क्षेत्र के गांवों में अवैध कच्ची शराब की बिक्री ओर तस्करी पर लगाम लगाने में गोपालपुर पुलिस असफल होते हुए दिखाई दी। मंगलवार की रात को ऐसा ही एक मामला सामने आया है गोपालपुर थाना अंतर्गत ग्राम इटावाकला में एक युवक को देशी शराब की तस्करी करते हुए महिलाओं ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकड़ा पुलिस प्रशासन को सूचना देकर पुलिस के हवाले किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में लम्बे समय से अवैध रूप से देशी कच्ची शराब जोरों शोरो से बेची जा रही है, रात के अंधेरे में बाहरी लोग तस्करी करने पहुंच रहे हैं। गांव में शराब की बिक्री पर रोक लगाने और तस्करी करने वालों पर कार्रवाई करने ग्रामीण और महिलाओं ने गोपालपुर थाना प्रभारी को शिकायती पत्र देकर शिकायतें भी दर्ज कराई। फिर भी गांव में देशी शराब की विक्री पर कम नहीं हुई वहीं गोपालपुर पुलिस भी रोक लगाने में असफल साबित हुई।

### आधी रात को महिलाओं ने शराब तस्कर को पकड़ा, किया पुलिस के हवाले

इटावाकला गांव में अवैध रूप से कच्ची शराब बिक रही है जिस पर नकेल लगाने में पुलिस कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है, इससे परेशान होकर गांव की महिलाओं ने अवैध शराब बिक्री कर रहे शराब तस्कर के खिलाफ खुद ही मोर्चा खोल दिया और मंगलवार रात में महिलाओं ने यहां कच्ची शराब बेच रहे युवक को पकड़ लिया और उसकी जानकारी गोपालपुर पुलिस को दी। थाना प्रभारी महेन्द्र सिंह गौर पुलिस बल के साथ पहुंचे ,तब महिलाओं ने कच्ची शराब के साथ पुलिस के हवाले किया। बता दे कि इससे पहले महिलाएं अवैध रूप से बेची जा रही कच्ची शराब की बिक्री गांव में रोकने की मांग करने के लिए पुलिस के पास पहुंची और आवेदन दिया गया था। जिसके बाद पुलिस ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई, तो महिलाओं ने ग्रामीणों के साथ मोर्चा खोल दिया। ओर देशी कच्ची शराब की विक्री पर रोक लगाने की पहल की।

### महिलाओं ने कहा पानी सर से ऊपर हुआ, पुलिस का काम, हमे करना पड़ा

इटावाकला गांव में मंगलवार देर रात को बड़ी मात्रा में कच्ची देशी शराब के साथ एक युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। इस दौरान महिलाओं ने पुलिस प्रशासन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कहा अब पानी सर से ऊपर हुआ। पुलिस प्रशासन का काम है जो हमें करना पड़ा। पुलिस हमारी सहनशीलता का फायदा उठा रही है। गांव में लम्बे समय से बड़े पैमाने पर अवैध कच्ची शराब की बिक्री हो गई है। हमारे द्वारा कई बार आवेदन,निवेदन करने पर भी कोई असर नहीं हुआ, न ही पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई की। अब से गांव में अवैध कच्ची शराब विक्री पर रोक नहीं लगी या कोई शराब की तस्करी करते पाया गया तो हमें मजबूरन कानून के खिलाफ जाकर कानून अपने हाथों में लेना पड़ेगा। जिसकी जवाबदेही गोपालपुर थाना पुलिस प्रशासन की होंगी।

### गोपालपुर थाना क्षेत्र में अवैध रूप से बेची जा रही अवैध शराब पुलिस की पकड़ से दूर तस्कर

गोपालपुर थाना अंतर्गत आने वाले इटावाकला, छीपानेर, रानीपुरा, सहित आसपास के कई गांव में बेखौफ होकर कच्ची शराब बेची जा रही है, जिसको लेकर गावों में अक्सर रात के समय शराब पीकर शराबी उत्पात मचाते देखे जा सकते है। कच्ची शराब की बिक्री रोकने पर गोपालपुर पुलिस प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है।



### कार्रवाई की जाएगी

गोपालपुर थाना अंतर्गत गांव इटावाकला में मंगलवार रात को देशी शराब विक्री की सूचना ग्रामीणों द्वारा दी गई थी मौके पर पहुंच कर शराब बेचने दो लोगों पर प्रकरण दर्ज किया गया है। गांव में देशी शराब की बिक्री पर रोक लगाई जाएगी। बिक्री करने बालों पर आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई।

**महेंद्र सिंह गौर**, थाना प्रभारी गोपालपुर

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य केंद्रों में की गई 615 गर्भवती महिलाओं की जांच

**सीहोर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिले की गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान प्रसव पूर्व देखभाल के लिये प्रत्येक माह की 9 एवं 25 तारीख को जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर देखभाल एवं स्वास्थ्य सेवाओं का निशुल्क लाभ प्रदान किया जा रहा है, ताकि गर्भावस्था और प्रसव के दौरान उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। अभियान के तहत 9 सितंबर को जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर 615 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें 235 गर्भवती महिलाएं हाई रिस्क पाई गईं। सीएमएचओ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना हैं। इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को निशुल्क जाँच, दवाएं, एवं परामर्श दिया जा रहा है। अभियान के तहत उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं विशेष देखभाल की व्यवस्था की जा रही है। इसके तहत प्रसव के समय जटिल अवस्था में उच्च चिकित्सा केन्द्रो में रेफर किया जाता है। गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य जाँच के लिये निशुल्क पिक अप एवं ड्राप की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।



### 640 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। जिले में 9 सितंबर को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 480 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 160 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 79 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, शिविर लगाकर टीकाकरण किया जाता है।

## बीएलए की समीक्षा बैठक के बाद सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

ब्लाक कांग्रेस कमेटी भैरूंदा के बी.एल. ए. की समीक्षा बैठक ब्लाक अध्यक्ष देवीसिंह थारोल की अध्यक्षता एवं विधान सभा प्रभारी राजेश पटेल की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में मंडलम अध्यक्ष एवं सेक्टर अध्यक्ष के साथ बी.एल. ए. के कार्यो की समीक्षा की गई। बैठक में सक्रिय बी.एल. ए को पुनः जवाबदारी देने का निर्णय लिया गया ,वहीं निष्क्रिय के स्थान पर नए साथियों को अवसर देने पर विचार हुआ। आगामी कार्य योजना अनुसार मंडलम स्तर पर कार्यशाला आयोजित कर मतदाता सूची का पुन निरीक्षण किया जाएगा।बैठक के पूर्व नव नियुक्त विधान सभा प्रभारी राजेश पटेल का स्वागत किया गया।बैठक के पश्चात समस्त नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने सीहोर की घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक सीहोर के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग की गई कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर दर्ज झूठी रिपोर्ट निरस्त करें।

# नगरीय निकायों के अध्यक्ष पद के चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने का निर्णय ऐतिहासिकः अरोरा

### पूर्व नगर पालिका, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने जताया मुख्यमंत्री व प्रदेश सरकार का आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मुख्यमंत्री एवं उनकी कैबिनेट ने नगरीय निकायों के अध्यक्ष पद के चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने के लिए मध्यप्रदेश नगर पालिका (संशोधन) अध्यादेश 2025 को स्वीकृति दी है। यह निर्णय प्रदेश के लिए ऐतिहासिक है। निश्चित रूप से मुख्यमंत्री एवं उनकी पूरी कैबिनेट का इसके लिए धन्यवाद एवं आभार है। अब नगर पालिका, नगर परिषदों में अध्यक्ष को भी जनता सीधे चुन सकेगी। सरकार का यह निर्णय बेहद महत्वपूर्ण है।

यह बातें भाजपा नेता, पूर्व जिला पंचायत एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने कही। वे अपने निवास पर सीहोर के पत्रकारों के साथ अनौपचारिक चर्चाएं कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कैबिनेट के निर्णय को भी ऐतिहासिक बताते हुए मुख्यमंत्री एवं कैबिनेट का आभार व्यक्त किया है। इस दौरान उन्होंने अपनी निजी जिंदगी एवं राजनीति को लेकर भी कई किस्से पत्रकारों के साथ साझा किए। अरोरा ने बताया कि एक समय हुआ करता था, जब सीहोर की राजनीति बेहद दबंग तरीके से होती है। पिछले दिनों सीहोर में हुए भाजपा-कांग्रेस के घटनाक्रम को लेकर उन्होंने कहा कि अब तो गालियां बेहद कम होती है। एक समय था जब गालियों की बरसात होती है। कई मौके आए जब जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के बीच में बहस हुई। उन्होंने कहा कि आज के दौर में सोशल मीडिया इतना सशक्त है कि कोई भी घटना होती है उसके वीडियो वायरल हो जाते हैं, लेकिन पहले ऐसी स्थितियां नहीं थीं। कोई वीडियो नहीं वायरल होते थे, इसलिए गाली-गलौज बेहद सामान्य सी बातें थीं। उन्होंने कहा कि विधायक सुदेश राय द्वारा गाली देने का वीडियो वायरल हुआ। आज के दौर में यह घटनाक्रम बेहद संवेदनशील हो जाता है।

इस दौरान अरोरा ने कई ऐसे राजनीति के किस्से भी सुनाए, जिनसे सभी हंस-हंसकर लौट-पौट भी हुए। इसके बाद वरिष्ठ नेता जसपाल सिंह अरोरा ने सभी पत्रकारों के साथ लंच किया। इस दौरान अरोरा की धर्मपत्नी एवं नगर पालिका सीहोर की पूर्व अध्यक्ष अमिता अरोरा भी मौजूद रहीं।

# राहगीरों से छीना झपटी करने वाले चार आरोपियों को गोपालपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भैरूंदा।** फरियादी माखन राठौर ने 28अगस्त की रात्री करीब 10 बजे सुकरवास स्थित अपने मेडिकल बंद करके घर जा रहा था तभी वासुदेव व मगरिया के मार्ग बीच सड़क पर दो मोटर सायकल से आये चार व्यक्तियो द्वारा उसकी मोटर सायकल रोक कर मोटर सायकल पर रखा काला बैग छीन कर ले गये। बैग में फरियादी के 20700 रुपये नगदी मोबाईल व अन्य जरुरत का सामान रखा हुआ था। रिपोर्ट पर थाना गोपालपुर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपीयो के विरुध्द अपराध क्रमांक 1742/25 धारा 304(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया।

मामला की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा अज्ञात आरोपीयो की जल्द पतारशी हेतु निर्देशित किया गया इसी तारतम्य मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत व एसडीओपी भैरुंदा रोशन कुमार जैन के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी निरी. महेन्द्र सिंह गौड़ के नेतृत्व में थाना गोपालपुर की पुलिस टीम द्वारा अज्ञात आरोपीयो की पतारशी हेतु मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर मुखबीर सूचना एवं तकनीकि साक्ष्य के आधार पर घटना को अंजाम देने वाले आरोपी आरोपीगण। जगदीश उर्फ जग्गा पिता कचरुलाल मेहरा उम्र 31 साल निवासी चन्दपुरा, 2. कपूर पिता चन्दर सिंह उईके जाति गौड उम्र 20 साल निवासी चन्दपुरा, 3. दिलीप पिता बलराम कुमरे जाति गौड़ उम्र 28 साल निवासी चन्दपुरा, 4. वीरप्रताप उर्फ मोटा पिता राजेश भुसारिया जाति कोरकू उम्र 19 साल नि. हंडिया को गिरफ्तार किया व आरोपीगण से फरियादी से छीन गया बैग 20000 रुपये नगदी, एक ओपो कंपनी का मोबाईल व घटना में प्रयुक्त दो मोटर सायकल कीमती 2,00,000 रुपये जप्ती की एंव आरोपीयो से देवास व हरदा जिले से भी छीन झपटी किये गये एक लाख कीमत के मोबाईल बरामद किये। मामले का मुख्य आरोपी जग्गा उर्फ जगदीश थाना हंडिया जिला हरदा का निगरानी बदमाश भी है जो कुछ महीनो पहले ही जेल से छुट कर आया है।

# जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्थाओं का आलम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

अपनी कार्यप्रणाली के लिए हमेशा सुर्खियों में रहने वाला रेहटी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एक बार फिर चर्चाओं में है। इस बार अस्पताल की चर्चा यहां की पार्किंग व्यवस्था को लेकर हो रही है।

यहां पर अव्यवस्था इतनी बढ़ गई है कि यहां आने वाले मरीजों को इलाज से पहले जाम से जूझना पड़ रहा है। दरअसल अस्पताल परिसर में बेतरतीब तरीके से खड़ी गाड़ियां न केवल आम मरीजों के लिए सिरदर्द बनी हुई हैं, बल्कि आपातकालीन स्थिति में आने वाली एम्बुलेंस के लिए भी राह में रोढ़ा बन रही हैं। यह स्थिति यहां के जिम्मेदारों को पता है, लेकिन इसके बाद भी इस पर अमल नहीं हो पा रहा है। ऐसे में मरीजों की जान भी जोखिम में डाली जा रही है।

अस्पताल के बाहर का नजारा किसी व्यस्त चौराहे से कम नहीं है। दो पहिया एवं चार पहिया वाहन इतने अव्यवस्थित ढंग से खड़े होते हैं कि इमरजेंसी वार्ड तक पहुंचना लगभग नामुमकिन हो गया है। हाल ही में एक घटना सामने आई, जहां एम्बुलेंस गेट तक नहीं पहुंच पाई और मरीज को काफी मशक्कत के बाद अंदर लाना पड़ा। इतनी लापरवाही होने के बावजूद अस्पताल प्रबंधन इस ओर गंभीर नहीं है। यहां बता दें कि रेहटी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तहसील के लगभग 100 से अधिक गांवों के प्रतिदिन इलाज कराने आते हैं, लेकिन उन्हें यहां कई समस्याओं से जुझना पड़ता है। उनके इलाज से पहले उन्हें पार्किंग की इस गंभीर समस्या से जूझना पड़ता है।

## कार्यालय नगर परिषद कोठरी, जिला-सीहोर (म.प्र.)

कमांक /798/ न.प. / 2025 — कोठरी दिनांक 09/09/2025

// पात्र हितग्राहियों हेतु दावा आपत्ति सूचना //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् कोठरी क्षेत्रान्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के प्राप्त हुए आवेदनों का जमीनी सत्यापन करने उपरान्त निम्न हितग्राहियों को प्रांरभिक तौर पर दस्तावेजो के आधार पर पात्र पाया गया है। इस विज्ञप्ति में अंकित पृविष्टि के संबंध में यदि किसी हितग्राही के संबंध में कोई भी आपत्ति (भूमि दस्तावेज / पक्का मकान / अन्य) हो तो वह अपनी आपत्ति इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर नगर परिषद कार्यालय मय साक्ष्य दस्तावेजो के साथ प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

| | आवेदक क्रमांक | हितग्राही का नाम | पिता / पति का नाम | वर्ग | वार्ड नं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MP034270125128808208 | कमल सिंह | मुंशीलाल | अन्य पिछडा वर्ग | 04 |
| 2 | MP034270125134633845 | लक्ष्मीनारायण | चैन सिंह | अन्य पिछडा वर्ग | 08 |
| 3 | MP034270125141031783 | हुसैन खॉ | पीरबगस | सामान्य | 01 |
| 4 | MP034270125147664225 | दशरथ | जीवन सिंह | अन्य पिछडा वर्ग | 07 |
| 5 | MP034270425105908414 | राहुल विश्वकर्मा | राधेश्याम | अन्य पिछडा वर्ग | 10 |
| 6 | MP034270425166865420 | कमल सिंह | भगवत सिंह | अन्य पिछडा वर्ग | 04 |
| 7 | MP034270625103462591 | सागर बाई | बोन्दरमल | अन्य पिछडा वर्ग | 11 |
| 8 | MP034270825185904509 | महेश | मदन सिंह | अन्य पिछडा वर्ग | 11 |
| 9 | MP034270725186109490 | नीरज | लखनबाबू | अन्य पिछडा वर्ग | 11 |
| 10 | MP034271224129139154 | बाबू खॉ | खुदाबगस | सामान्य | 01 |
| 11 | MP034270425108804478 | नर्वत सिंह | भागीरथ | अन्य पिछडा वर्ग | 15 |
| 12 | MP034270425109235129 | तेज सिंह | रूगनाथ सिंह | अन्य पिछडा वर्ग | 08 |
| 13 | MP034270725108365991 | राजकुमार | हरविंश | अन्य पिछडा वर्ग | 02 |
| 14 | MP034270725162261380 | कमलेश | रमेश | अन्य पिछडा वर्ग | 06 |
| 15 | MP034270725165137699 | हेमलता | चन्दर सिंह | अन्य पिछडा वर्ग | 15 |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद, कोठरी

## कार्यालय नगर परिषद कोठरी, जिला-सीहोर (म.प्र.)

क्रमांक /799/न.प./2025 — कोठरी दिनांक 09/09/25

### अपात्र हितग्राहियों हेतु दावा आपत्ति सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् कोठरी क्षेत्रान्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना 20 के प्राप्त हुए आवेदनों का जमीनी सत्यापन करने उपरान्त निम्न हितग्राहियों को प्रांरभिक तौर पर दस्तावेजो के आधार पर आपात्र पाया गया है। इस विज्ञप्ति में अंकित पृविष्टि के संबंध में यदि किसी हितग्राही के संबंध में कोई भी आपत्ति (भूमि दस्तावेज/कच्चा मकान/अन्य) हो तो वह अपनी आपत्ति इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर नगर परिषद कार्यालय मय सक्ष्य दस्तावेजो के साथ प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

| कमांक | हितग्राही का नाम | पिता/पति का नाम | वर्ग | वार्ड नं |
|---|---|---|---|---|
| 01 | मंजूर खॉ | रहीम खॉं | सामान्य | 07 |
| 02 | मनोज | रामगोपाल | अन्य पिछडा वर्ग | 07 |
| 03 | नन्दकिशोर | शिवनारायण | अन्य पिछडा वर्ग | 08 |
| 04 | ओम | रामप्रसाद | अन्य पिछडा वर्ग | 08 |
| 05 | फूल सिंह | बल्देव सिंह | अनुसूचित जाति | 14 |
| 06 | राधेश्याम | शिवचरण | अन्य पिछडा वर्ग | 15 |
| 07 | रघुराज | ` गणपत सिंह | अन्य पिछडा वर्ग | 09 |
| 08 | राजाराम | दरियाव सिंह | अन्य पिछडा वर्ग | 08 |
| 09 | राजाराम सुर्यवंशी | भागीरथ | अनुसूचित जाति | 01 |
| 10 | राम सिंह | रंजीत सिंह | अन्य पिछडा वर्ग | 15 |
| 11 | रामचरण | छिता | अन्य पिछडा वर्ग | 08 |
| 12 | राम सिंह | सिद्धनाथ | अन्य पिछडा वर्ग | 08 |
| 13 | सजन सिंह | प्रहलाद सिंह | सामान्य | 01 |
| 14 | सम्पत बाई | जगन्नाथ | अन्य पिछडा वर्ग | 02 |
| 15 | फूल सिंह | मधौ सिंह | अन्य पिछडा वर्ग | 15 |
| 16 | अर्जुन | नाथूराम | अन्य पिछडा वर्ग | 07 |
| 17 | आयुश | सुनील कुमार | अन्य पिछडा वर्ग | 08 |
| 18 | बने सिंह | रामचरण | अन्य पिछडा वर्ग | 08 |
| 19 | चंन्द्रशेखर | गजराज सिंह | अन्य पिछडा वर्ग | 04 |
| 20 | धूल सिंह | मोती सिंह | अन्य पिछडा वर्ग | 08 |
| 21 | दुर्गाप्रसाद | कमोद सिंह | अन्य पिछडा वर्ग | 08 |
| 22 | इकलेश | घनश्याम | अन्य पिछडा वर्ग | 08 |
| 23 | गौरव शर्मा | दशरथ कुमार | सामान्य | 08 |
| 24 | गुलाब बाई | बाबूलाल | अन्य पिछडा वर्ग | 08 |
| 25 | हरिचरण | लालजीराम | अन्य पिछडा वर्ग | 08 |
| 26 | हेमराज | रामप्रसाद | अन्य पिछडा वर्ग | 10 |
| 27 | जगन्नाथ | हरि सिंह | अनुसूचित जाति | 01 |
| 28 | लखनलाल | बाबूलाल | अन्य पिछडा वर्ग | 08 |
| 29 | लखन सिंह | पर्वत सिंह | अन्य पिछडा वर्ग | 09 |
| 30 | लखनलाल | छगनलाल | अन्य पिछडा वर्ग | 08 |
| 31 | आयूष कर्मोदिया | राकेश | अन्य पिछडा वर्ग, | 08 |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद, कोठरी

### प्रशासन और अहिंसा के सामूहिक प्रयासों के तहत जागरुकता कार्यक्रम

# धर्मगुरुओं सहित ग्रामीणों ने लिया बाल-विवाह के खात्मे का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

समाजिक कुरीतियों का खात्मा तभी संभव है जब हम सब मिलकर उन्हें करने का संकल्प लें। राजगढ़ जिले में व्याप्त बाल सगाई और बाल-विवाह जैसी कुरीतियां न केवल बच्चों का बचपन छीन रही हैं बल्कि परिवार के साथ ही समाज के भविष्य के लिए भी खतरा हैं। इन्हें रोकने के लिए हर व्यक्ति का सहयोग और सक्रिय भागीदारी जरूरी है। यह संदेश मंगलवार को धार्मिक स्थल सरेडी धाम में अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की टीम के जागरुकता कार्यक्रम के दौरान सरपंच लखन सौंधिया, मंदिर के पुजारी मोहन शर्मा, ग्रामीणजनों और श्रद्धालुओं ने दिया है। इस दौरान सभी ने मिलकर संकल्प लिया कि न वे स्वयं कभी बाल सगाई या बाल-विवाह करेंगे और न ही किसी और को ऐसा करने देंगे। सभी ने मिलकर यह प्रण भी लिया कि वे अपने गाँव और आसपास के क्षेत्रों में लोगों को समझाएंगे और इस कुरीति को समाप्त करने के लिए आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभाएँगे।

#### सामूहिक प्रयासों से खत्म होंगी ये सामाजिक बुराईयां

सरपंच लखन सौंधिया ने कहा कि किसी भी बुराई को समाप्त करने की शुरुआत हमें खुद से और अपने परिवार से करनी होगी। हमने अपनी पंचायत से यह अभियान शुरू किया है और जल्द ही आसपास के गांवों में भी संदेश पहुंचाया जाएगा। पंचायत की ग्राम सभा में बाल-विवाह रोकथाम और बच्चों के संरक्षण हेतु प्रयासों को प्राथमिकता दी जाती है। मंदिर के पुजारी मोहन शर्मा ने कहा कि बाल-विवाह धार्मिक दृष्टि से भी उचित नहीं है। यह बच्चों के जीवन को अंधकारमय बना देता है। बच्चों का सही समय पढ़ाई, खेल और अपने सपनों को पूरा करने का होता है, लेकिन बाल-विवाह उनकी राह में रुकावट बन जाता है। उन्होंने कहा कि जब समाज के लोग और धार्मिक संस्थाएं मिलकर इसके खिलाफ खड़े होंगे तो इस बुराई को खत्म करने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। अहिंसा की परियोजना समन्वयक रजनी प्रजापति ने बताया कि संस्था लगातार एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन के तहत जागरुकता अभियान चला रही है। गाँव-गाँव जाकर लोगों को समझाया जा रहा है कि बाल सगाई और बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का हनन है।

### न ट्रस्ट प्रबंधन न ही नपा के द्वारा कराई जा रही रिपेयरिंग

# नवरात्र नजदीक, इधर जालपा धाम पहाड़ी की पांच स्ट्रीट लाईटें गुल



**राजगढ़।** इन दिनों चल रहे पितृपक्ष के समापन उपरान्त शारदेय नवरात्र का शुभारंभ हो जाएगा। नवरात्र के दौरान क्षेत्र के सबसे प्रसिद्ध दैवीय शक्तिपीठ मां जालपा धाम पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रृद्धालु माता के दर्शन करने आते हैं। इसे विडंबना ही कहेंगे कि हजारों लोगों की आस्था के केंद्र जालपा माता पहाड़ी पर विद्युत पोलों पर लगीं पांच स्ट्रीट लाईटों के लैंप अर्से से बंद पड़े हुए हैं। लैंपों के बंद होने से रात्रि के समय माता के दर्शन करने जाने वाले श्रृद्धालुओं को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही जालपा माता पहाड़ी के बेहद घुमावदार होने और अंधेरे के चलते वाहन से आने वाले श्रृद्धालुओं के भी दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना हुआ है। हादसे की संभावनाओं के बीच न तो जालपा धाम ट्रस्ट प्रबंधन और न ही नगर पालिका द्वारा बंद स्ट्रीट लाईटों को सुधरवाने की जेहमत उठाई जा रही है।

#### पूर्व नपा जमा करवाती थी बिजली बिल

सूत्रों के अनुसार जालपा माता की पहाड़ी पर लगी सभी स्ट्रीट लाईटों का बिजली बिल एक वर्ष पूर्व तक नगर पालिका द्वारा जमा करवाया जाता था। इसके साथ ही स्ट्रीट लाईटों का मेन्टनेंस भी नपा के ही लाईन कर्मचारिया किया करते थे। परन्तु, कुछ महीनों पहले से बिजली की व्यवस्था जालपा ट्रस्ट प्रबंधन देख रहा है। बहरहाल, जो भी हो लेकिन माता के धाम पर संभावित दुर्घटनाओं को रोकने बंद पड़ी स्ट्रीट लाईटों के लैंपों को जल्द सुधरवाने की आवश्यकता है। स्थानीय लोगों द्वारा भी काफी समय से इसकी मांग की जा रही लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इस ओर अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

## बाबा वटकेश्वर का महा अभिषेक कर मनाया महादेव मित्र मंडल का 36वां स्थापना दिवस

**सारंगपुर -** नगर की एक मात्र धार्मिक संस्था महादेव मित्र मंडल ने मंगलवार को महा अभिषेक कर पोधारोपण के साथ सत्यनारायण भगवान की मां आरती कर अपना 36 वां स्थापना दिवस मनाया गया सर्वप्रथम मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद के नेतृत्व में मंडल के सदस्यों द्वारा भूत भावन श्री वटकेश्वर महादेव का महा अभिषेक कर महा आरती की गई साथ ही दुर्गा माता मंदिर सुदर्शन नगर में पौधारोपण किया गया इसके बाद मुखर्जी चैक स्थित सेन समाज मंदिर में पौधारोपण किया गया तथा मंडल के सदस्यों द्वारा पौधों को पेड बनने तक देख रेख करने का संकल्प लिया।

## स्टेडियम ग्राउंड में पार्षद ताऊ निशा के जेठ का पड़ा मिला शव

### बच्चों ने दी पुलिस को सूचना, जांच में जुटी पुलिस



**खिलचीपुर।** नगर के स्टेडियम ग्राउंड में मंगलवार को लगभग दोपहर 11-12 बजे एक बुजुर्ग का शव मिला, स्टेडियम में खेल रहे बच्चों व आसपास के रहने वाले युवको ने अधेड़ पड़े शव की पुलिस को सूचना दी। शव का चेहरा बुरी तरह कुचला हुआ था जिसे पहचान पाना मुश्किल था। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया तथा पीएम के लिए शासकीय अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान शफीक शाह उम्र 52 वर्ष सूरजपोल मोहल्ला वार्ड क्रमांक-8 के निवासी के रूप में हुई। शव पर गहरी चोट के निशान दिखाई दिए, विशेष कर चेहरा ओर सिर बुरी तरह कुचला हुआ सा दिखाई दे रहा था।प्रारंभिक जांच में पुलिस ने हत्या की आशंका जताई हालांकि पूर्णतः जानकारी तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। मृतक के परिवार वालों से प्राप्त जानकारी अनुसार शफीक शाह ट्रक ड्राइवर थे, वही वर्तमान में ट्रक ड्राइवरी का काम छोडकर बकरी पालन का काम कर रहे थे और उसी से अपने परिवार का जीवन यापन करते थे वहीं ये वार्ड क्रमांक -08 के महिला पार्षद ताऊ निशा के रिश्ते में जेठ थे। इस घटना से पूरा परिवार सदमे में है वही पुलिस ने मर्ग कायम कर छानबीन शुरू कर दी है।

### जिला प्रशासन ने रिटायर्ड कर्मचारियों को किया सम्मानित

# सेवानिवृत्त हुए 26 कर्मचारियों को प्रदान किए पीपीओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शासकीय सेवारत कर्मचारियों को अपनी सेवानिवृत्ति उपरान्त पीएफ, पेंशन सहित अन्य सभी तरह के भुगतानों में किसी तरह की समस्या न आए इसके लिए कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा पेंशन विभाग को तल्ख निर्देश दिए हुए हैं। इसी कड़ी में अगस्त माह में जिले के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुए 26 अधिकारियों, कर्मचारियों को मंगलवार को जिला प्रशासन द्वारा सीाी का सम्मान करते हुए उन्हें पीपीओ प्रदान किए गए। जिला पेंशन अधिकारी संदीप दुबे ने बताया कि पेंशनरों को पीपीओ का वितरण एवं सम्मान कार्यक्रम मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया है। इस दौरान अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चैहान, संयुक्त कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह दांगी एवं राजगढ़ एसडीएम निधी भारद्वाज द्वारा सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को शाल, श्रीफल एवं पीपीओ प्रदान किए गए।

#### ये 26 कर्मचारी हुए हैं सेवानिवृत्त

पेंशन विभाग के गिर्राज शर्मा ने बताया कि अगस्त में सेवानिवृत हुए शासकीय सेवकों में प्रमोद व्यास, भंवरलाल यादव, तुलसीबाई मालवीय, रेखा मालवीय, राजेश कुमार डेविड, डॉ. के.के. श्रीवास्तव, हुकुम चन्द्र राठौर, ओम प्रकाश मेवाडे, कैलाश नारायण दलोदिया, प्रभुलाल भिलाला, राधेश्याम नागर, कालूसिंह राजपूत, गुलाब सिंह माली, प्रभुनाथ सिंह झाला, कल्लुलाल जूनवाल, शिवलाल दांगी, गोपाल दांगी, राजेश सिसोदिया, श्रीमति रंजना यादव तथा अरविंद शर्मा शामिल हैं। सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला, शॉल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह एवं पीपीओ का वितरण कर उनका सम्मान किया गया।

## कुरावर की दो डेयरियों से लिए दूध, मावा और घी के सैंपल

### मिलावटी शिकायतों को लेकर की जा रही कार्रवाई जारी



**राजगढ़।** जिले में मिलावटी खाद्य सामग्री खासकर दूध निर्मित खाद्य पदार्थों में मिलावट की शिकायतें अक्सर सामने आती रहती हैं। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद कलेक्टर के निर्देशों पर खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग भी लगातार कार्यवाहियां कर रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को कुरावर क्षेत्र में राजस्व विभाग एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा विभिन्न डेयरियों से दूध, मावे और घी के सेंपल लिए। प्रतिष्ठानों से लिए गए सैंपलों को भोपाल स्थित राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भिजवाया जा रहा है जहां से रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगामी कार्यवाही की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.एस. खत्री ने बताया कि कुरावर स्थित खुशी डेयरी से दूध, मावे एवं घी के नमूने लिए गए वहीं तलेन रोड स्थित श्री राम मिष्ठान भंडार से घी, मिल्क केक, मलाई बर्फी इत्यादि के सैंपल लिए गए हैं। सैंपलिंग के साथ ही प्रतिष्ठान संचालकों को हिदायत दी गई किवे अपनी दुकानों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।

**भोले की आस्था से श्रद्धाुओं को मिली बीमारियों में राहत**

## चमत्कार या आस्था कृपा के परिपक्व में असाध्याय रोगियों को मिल रहा आराम!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेडा



शहर से लगभग 12 किलोमीटर दक्षिण दिशा की ओर स्थित ग्राम कडलावद में लगी धाम भोलेनाथ की कृपा से हो रहे सबके काम जब आस्था की बात आती है अदृश्य शक्तिया परिपक्व बनकर कार्य करने के लिए तत्परता के साथ संयोजित होती है ऐसा ही एक मामला ग्राम कडलावद में देखने को मिला जहां गूंगे बोलने लगते हैं और बहरे सुनने लगते हैं ऐसा ही नहीं बल्कि अदृश्य तरह से ऑपरेशन होकर तत्काल इस धाम पर आने वाले मरीजों को आराम मिलता है इस धाम पर आने वाले सभी श्रद्धालुओं को चमत्कार के रूप में बीमारियों से ग्रस्त वही धाम पर त्वरित आराम मिल रहा है जब पत्रकार पुरुषोत्तम गुप्ता ने वहां कुछ देर रुक कर एक-एक श्रद्धालुओं से पूछताछ की तो जिसमें एक श्रद्धालु ने बताया मेरा बेटा 2 वर्ष का था तब से मस्तिष्क की बीमारी थी जो मस्तिष्क की नस दबी हुई थी आज मेरा बेटा 20 वर्ष से अधिक का हो गया है बहुत इलाज करवा लिया परंतु इस धाम पर आने के बाद पहली यात्रा में ही कुछ आराम दिखने लगा है नाम लोकेंद्र सिंह कुशवाह पिता शिव प्रसाद कुशवाह मैं पूर्व पार्षद वार्ड क्र. 04 पचोर का रहने वाला हूं जब दूसरे श्रद्धालु से पूछा मैं वीरेंद्र पिता राजेंद्र गुर्जर ग्राम ताकला का रहने वाला हूं मैं प्रथम बार इस धाम पर आया मेरे बेटे को कम सुनाई देता था इस धाम पर आते ही वह सुनने लगा इसी तरह तीसरे श्रद्धालुओं से बात हुई कैलाश बाई पति शिवनारायण दांगी ग्राम दुपाडीया मेरी उम्र 36 वर्ष है कमर दर्द से बहुत परेशान थी सब जगह इलाज करवा लिया परंतु मेरे को इस धाम पर आते आराम पड गया ।

ऐसे ही चैथ श्रद्धालु से जब बात हुई अली पिता शहजाद खान ग्राम मोहन बडोदिया से पूछा तो उन्होंने बताया हम मुस्लिम समुदाय से हैं लेकिन भगवान में भी आस्था रखते हैं इस धाम पर पहली बार आने पर हमारे बच्चे को आराम मिला ह।

### हरदा प्रकरण को लेकर करणी सेना का जनजागरण अभियान



**सारंगपुर।** हरदा प्रकरण में करणी सेना परिवार के जिला अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर द्वारा न्याय की मांग हेतु किए गए शांतिपूर्ण आंदोलन पर हुए कथित असंवैधानिक लाठीचार्ज के विरोध में जिम्मेदार अधिकारियों को हटाने की मांग को लेकर करणी सेना द्वारा महाआंदोलन की घोषणा की गई है। इसी संदर्भ में हरदा घटना की सत्यता और पुलिस प्रशासन के रवैये से आमजन को अवगत कराने हेतु सारंगपुर तहसील के विभिन्न ठिकानों में जनजागरण अभियान चलाया गया। यह अभियान 8 सितम्बर को बालोंडी, जीवाजीपुरा, बिगनोदीपूरा, खासपुर, आमगढा, पटाडिया डाबी, इच्छवाड़ा, शंकरनगर खेड़ी, काचरिया भाई, बापचा सहित अनेक ठिकानों पर किया गया।इस दौरान करणी सेना पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार तत्काल प्रभाव से लाठीचार्ज का आदेश देने वाले जिम्मेदार अधिकारियों को निष्कासित करे, यही करणी सेना की प्रमुख मांग है। अभियान में मुख्य रूप से प्रदेश प्रवक्ता छात्रवर्धन सिंह कडयिां चंद्रावत, जिला अध्यक्ष मयंकप्रताप सिंह मुवालिया, जिला संगठन मंत्री हर्षवर्धन सिंह सोलंकी, जिला सहमीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### सीएम के आने की सूचना से प्रशासन अलर्ट पर..

# कलेक्टर और एसपी उतरे खेतों में, हेलीपेड पर 6 थानों की पुलिस, ताकते रहे किसान





**सारंगपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संभावित दौरे की सूचना से मंगलवार को सारंगपुर प्रशासनिक अमला पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहा। देवास जिले के हाट पिपलिया में सीएम के फसलों का निरीक्षण करने के बाद सारंगपुर आने की संभावना जताई गई थी। जैसे ही यह खबर प्रशासन तक पहुंची, पीडब्ल्यूडी, पीएचई और नगर पालिका का अमला हेलीपेड तैयार करने में जुट गया। सुरक्षा को देखते हुए छह थानों का पुलिस बल भी हेलीपेड पर तैनात कर दिया गया। बड़ी संख्या में भारतीय किसान संघ के सदस्य भी हेलीपेड पहुंचे। इसी बीच कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा, एसपी अमित तोलानी, एसडीएम रोहित बम्होरे और पटवारियों का दल खेतों में पहुंचा और फसलों की स्थिति का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने किसानों से बातचीत कर नुकसान का जायजा भी लिया। सूचना अनुसार मुख्यमंत्री का सारंगपुर दौरा शाम 4 बजे तय था, लेकिन इससे पहले उनका शाजापुर का कार्यक्रम रद्द हो गया।

## आंगनबाडी 697 में गर्भवती माताओं की गोद भराई कार्यक्रम हुआ संपन्न

### आंगनबाडी कार्यकर्ता ने दी कई जानकारी और टीकाकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

वार्ड नंबर 6 और 7 में सामूहिक रूप से राष्ट्रीय पोषण महा अंतर्गत गर्भवती माता की गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के दौरान वार्ड के समस्त गर्भवती धात्री किशोरी बालिकाओं सभी को स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी टीकाकरण संबंधी और अपने स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने हेतु समस्त प्रकार के आयरन कैल्शियम प्रोटीन विटामिन वास कार्बोहाइड्रेट यह सभी किन-किन पदार्थों में पाए जाते हैं उन सभी के संतुलित मात्रा में सेवन करने के लिए उचित समझाइए दी गई गर्भावस्था के दौरान टिटनेस ऑक्साइड के दो तक अवश्य लगे और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाई शिशु के जन्म के 1 घंटे के अंदर माता शिशु को अपना दूध अवश्य पिलाएं और समय-समय पर शिशु का पूर्ण टीकाकरण आंगनबाडी केंद्र पर आकर अवश्य करवाएं गोद भराई कार्यक्रम में महिला बाल विकास परियोजना ब्यावर सेक्टर नगरिया फर्स्ट सुपरवाइजर वंदना शर्मा कार्यकर्ता अर्चना यादव फरीद खान गुंजा कुशवाहा रीता जाटव और संबंधित वार्ड की सभी सहायिका ललिता जाटव मीणा कुशवाहा उर्मिला श्रीवास उर्मिला कुशवाह सभी उपस्थित रहे।

### अंडर-19 बालक-बालिकाओं के अलग-अलग वर्ग में आयोजित हुई प्रतियोगिता

# संभाग स्तरीय वॉलीबॉल में भोपाल-रायसेन को खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शालेय क्रीडा प्रतियोगिताओं के तहत मंगलवार को राजगढ़ मुख्यालय पर संभाग स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय ग्राउण्ड पर अंडर-19 बालक-बालिका वर्ग के बीच आयोजित इस प्रतियोगिता में पांच जिलों भोपाल, राजगढ़, सीहोर, रायसेन और विदिशा की टीमों ने भाग लिया। बालक वर्ग के फाईनल में भोपाल वहीं बालिका वर्ग में रायसेन की टीम ने खिताब पर कब्जा जमाया।

अब उक्त दोनों विजेता टीमें आगामी दिनों आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगी। जिला क्रीडाधिकारी महेंद्र सिंह परमार ने बताया कि मंगलवार को हुई एक दिवसीय प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में विदिशा और रायसेन की टीम के बीच फाईनल मुकाबला हुआ जिसमें रायसेन की टीम विनर रही। वहीं, बालक वर्ग के बीच हुए फाईनल में भोपाल की टीम ने राजगढ़ को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता के समापन उपरान्त उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य महेश गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों द्वारा विजेता रहीं दोनों टीमों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए।



#### जिले के पीटीआई का रहा सहयोग

*संभाग स्तरीय इस प्रतियोगिता के आयोजन में जिले के शासकीय एवं निजी स्कूलों के पीटीआई (फिजिकल टेनिंग स्ट्रक्टर) सीता सर्राफ, सैयद राशिद, अरुण साहू, रवींद्र तोमर, फिरोज लोधी, अजय बड़ोनिया, योगेश तिवारी, पिंकी बड़ोनिया, अरुण बंसल, अतीक अहमद, दिनेश यादव सहित अन्य का योगदान रहा। सभी ने न केवल खिलाड़ियों की होंसला आफजाई की बल्कि वॉलीबॉल से जुड़ी कईं ट्रिक्स भी बच्चों को बताईं।*

## खबर संक्षेप

### उर्मिला मेवाड़ा का निधन, दी श्रद्धांजलि



आष्टा। नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा की काकी का बुधवार को दुखद निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास राठौर मंदिर के पास से स्थानीय मुक्तिधाम पहुंची। आपको बता दें की स्वर्गीय रामचंद्र मेवाड़ा की धर्मपत्नी व कैलाश सिंह, मोहन सिंह और भाजपा नेता नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा, कमल सिंह की काकी व मनोज मेवाडा की माता और भानू, सुनील, अनिल, विनोद, प्रवीण, पवन, आनंद, हर्ष, नयन राज, विजय, वैभव, जतिन मेवाड़ा की दादी उर्मिला मेवाड़ा का निधन हो गया था।जिनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास राठौर मंदिर से शहर के मुक्तिधाम पहुंची । इस दौरान अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

### रोजगार मेले में किया गया 172 आवेदकों का प्राथमिक चयन

सीहोर। युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सीहोर स्थित डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में युवा संगम रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया गया। इस रोजगार मेले में 356 युवाओं ने अपना पंजीयन कराया तथा कंपनियों द्वारा 172 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया। रोजगार मेले में स्वरोजगार विभागों द्वारा अनेक योजनाओं के तहत हितग्राहियों के प्रकरण स्वीकृत कर प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर होंगे विविध सेवा कार्य

# भाजपा भैरुंदा मंडल की बैठक में निर्णय 17 सितंबर से मनाएंगे सेवा पखवाड़ा

पूर्व जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से कहा, प्रधानमंत्री के जीवन का उद्देश्य अंत्योदय है। उनके जन्मदिन को हम उत्सव के रूप में नहीं, सेवा के माध्यम से मनाकर उनके विजन को जन-जन तक पहुंचाएं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

भारतीय जनता पार्टी मंडल भेरुंदा द्वारा एक महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक नगर के कम्युनिटी हॉल में आयोजित की गई, जिसमें सेवा पखवाड़ा और सांसद खेल महोत्सव जैसे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस (17 सितंबर) से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती (2 अक्टूबर) तक चलने वाले 15 दिवसीय सेवा पखवाड़ा के आयोजन की रूपरेखा बैठक में प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन का उद्देश्य अंत्योदय है। उनके जन्मदिन को हम उत्सव के रूप में नहीं, सेवा के माध्यम से मनाकर उनके विजन को जन-जन तक पहुंचाएं। जिला संयोजक जितेंद्र गौड़ ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य जांच शिविर जैसे कई जनसेवा के कार्य आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह अवसर है जब हम प्रधानमंत्री के यशस्वी नेतृत्व और सेवाभाव को समाज में प्रसारित कर सकते हैं। महिला मोर्चा अध्यक्ष अनीता लखेरा के द्वारा सभी बहिनों से आव्हान किया कि हम सभी बहिनों का दायित्व है कि हम सेवा पखबाड़े को पूरी शिद्दत के साथ मनाए ओर समाज में अग्रणी भूमिका निभाने का काम करे। मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने सेवा पखवाड़ा की 15 दिवसीय कार्य योजना को साझा करते हुए कहा कि सभी कार्यक्रमों को मंडल, नगर और बूथ स्तर पर गरिमामय ढंग से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को संकल्प लेना होगा कि वह पूरे समर्पण भाव से इन सेवा प्रकल्पों में सक्रिय भागीदारी करेगा। बैठक में सांसद खेल महोत्सव की भी रूपरेखा प्रस्तुत की गई, जो केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान व विधायक रमाकांत भार्गव की प्रेरक और विजनरी सोच से आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है। बैठक में विशेष रूप से उपस्थित गणमान्यजनों में पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, जिला मंत्री जितेंद्र गौड़, चंद्रकांत खंडेलवाल, ओम पटेल, सुनील माहेश्वरी, नगर पंचायत अध्यक्ष मारुति शिशिर, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, लीला धर बेड़ा, पूर्व अध्यक्ष अनिता लखेरा, कपिल खंडेलवाल, दीनबंधु कुशवाह, वर्षा दोगने, भाग्यश्री सोनी, उषा राठौर, रचना भारी, राजेश पाराशर, कैलाश धावड़े, अमित मीणा, संजय पटेल, तरुण मालवीय, रामकृष्ण पंवार, चतुर्भुज सोलंकी, गोलू जाट, गोल्डी



अग्रवाल, राजेंद्र सोनी, दीपक दरबार, अरविंद पंवार, लोकेश शर्मा, सुमित पंवार, अर्जन शर्मा, राजा राठौर, गौरीशंकर कुशवाह सहित अनेक कार्यकर्ता एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित रहे। भाजपा मंडल द्वारा लिए गए निर्णयों एवं आगामी योजनाओं से यह स्पष्ट है कि संगठन सेवा कार्यों के माध्यम से समाज को जोड़ने और राष्ट्रीय नेतृत्व की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# चोरी गए ट्रक को पुलिस ने 12 घंटे में किया बरामद

### आरोपियों की कर रहे तलाश



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

9 सितंबर को फरियादी महबूब, पिता वली मोहम्मद, निवासी अलीपुर द्वारा थाना पार्वती में सूचना दी कि उनकी आयशर गाड़ी को अज्ञात आरोपियों द्वारा चोरी कर लिया गया। इस पर थाना पार्वती में अपराध पंजीबद्ध किया गया। संपत्ति संबंधी अपराधों में पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ल द्वारा गंभीरता और तत्परता से कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आकाश अमलकर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हरि सिंह परमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा तत्काल घटना स्थल एवं आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई। मुखबिरी के माध्यम से गहन जांच-पड़ताल की गई। जांच के दौरान पता चला कि आरोपीयों ने चोरी की गई आयशर ट्रक को सीहोर दरबार ढाबा के सामने छोड़ दिया था। सक्रिय कार्यवाही के परिणामस्वरूप, 12 घंटे के भीतर आयशर गाड़ी को बरामद किया गया। आरोपी गाड़ी छोड़कर फरार हो गए हैं। वर्तमान में आरोपियों की पहचान एवं गिरफ्तारी हेतु सघन तलाश जारी है। उक्त कार्यवाही में उपनिरीक्षक अजय जोझा, सहायक उपनिरीक्षक हरेश सोनी, प्रधान आरक्षक दिनेश कुमार, प्रधान आरक्षक सुनील यादव, आरक्षक नितिन वर्मा, आरक्षक शैलेंद्र पटेल एवं आरक्षक चंद्रभान सेन सराहनीय भूमिका रही।

# कर्मचारी संघ ने सार्थक एप और ई अटेंडेंस की अनिवार्यता समाप्त करने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



बहुद्देशीय स्वास्थ कर्मचारी संघ द्वारा सार्थक एप और ई अटेंडेंस की अनिवार्यता समाप्त करने ज्ञापन ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर आष्टा के माध्यम से मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी को प्रेषित किया गया। ज्ञापन न्यू बहुद्देशीय स्वास्थ कर्मचारी संघ के ब्लाक अध्यक्ष बलराम सिंह ठाकुर और नाजिम खान, प्रांतीय अध्यक्ष मोहन श्रीवास्तव, सजन सिंह मेवाड़ा, के पी एस राजपूत, आर के नागर, ब्रजपाल सिंह राजपूत, शौकत खान, सुनील बड़ोदिया, प्रहलाद सिंह परमाल, बाबूसिंह, राजेंद शर्मा द्वारा दिया गया। इस अवसर पर ब्लॉक स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### ब्लॉक स्तरीय समारोह में किया गया सम्मान



आष्टा। बुधवार को ब्लॉक स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन सिविल अस्पताल के सभागार में किया गया। जिसमें अन्तरा व ईएसबी 1 और 2 व स्वस्थ उपकेंद्र की सीएचओ, एएनएम और आशाओं को विकल्प प्रोग्राम के तहत सम्मानित किया गया। जिसमे जिले से डीएचओ 2 डॉ मालती आर्य, डीएमओ क्षमा बर्वे, एपीएम हरिओम मेवाड़ा, बीएमओ डॉ अमित माथुर, बीइई मोहन श्रीवास्तव, बीएमसी, एएनएम, सीएचओ सहित सभी सेक्टर सुपरवाइजर उपस्थित थे।

# कृषि उपज मंडी जावर में नए सोयाबीन का हुआ श्री गणेश, किसान का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

खरीफ सीजन की पहली नइ सोयाबीन फसल खरीदी का बुधवार को जावर कृषि उपज मंडी में श्रीगणेश हो गया। सोयाबीन के साथ गेहूं, मक्का, ज्वार सहित अन्य उपज लेकर किसान मंडी पहुंचे। राम खटसुरा के किसान नरेंद्र सिंह पटेल नइ सोयाबीन लेकर बुधवार को जावर अनाज मंडी नीलामी में लेकर पहुंचे।

व्यापारी और मंडी अधिकारियों द्वारा नई उपज खरीदी का विधिवत पूजन कर किसान को पुष्पहार पहनाकर सम्मान किया गया। व्यापारियों ने सोयाबीन उपज की बोली लगाई। सबसे अधिक बोली 4191 रुपए मिलने पर किसान ने फर्म महावीर जिनिंग फैक्ट्री को अपनी उपज बेच दी। सोयाबीन का एक ही किसान होने से किसान को कीमत अच्छी मिली।



# पर्यवेक्षक है आंगनबाड़ियों के महत्वपूर्ण स्तंभः खरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



महिला एवं बाल विकास विभाग रॉकेट लार्निंग के माध्यम से जल्द ही जिले की सभी आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के लिए मिशन न्यू शुरू करने जा रहा है,यह मिशन बच्चों का खेल खेल में मानसिक शरीरिक और शैक्षणिक बोद्धिक सामाजिक सामग्र विकास करेगा।

बुधवार को विश्राम गृह में रॉकेट लार्निंग मिशन न्यू के शुभारंभ एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के परियोजना अधिकारियों और पर्यवेक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि महिला एवं बालविकास अधिकारी ज्ञानेश्वर खरे और विशेष अतिथि रॉकेट लार्निंग मिशन न्यू की कार्यक्रम प्रबंधक दीक्षा जायसवाल के द्वारा किया गया। महिला एवं बाल विकास अधिकारी ज्ञानेश्वर खरे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यवेक्षक आंगनबाड़ी केंद्रों में महत्वपूर्ण स्थान रखते है क्योंकी पर्यवेक्षक जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं से जुड़े है, हम सब मिलकर यह सुनिश्चित करें की आंगनबाड़ी केंद्र हर क्षेत्र विषय में सक्षम हो। मिशन नींव से रॉकेट लर्निंग ऑर्ग और महिला एवं बाल विकास के सहयोग से जिले के आंगनवाड़ी केंद्र पर खेल आधारित शिक्षा की गतिविधि कराई जाएगी। इस का उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को खेल-आधारित शिक्षा के माध्यम से सीखने का अवसर प्रदान करना है, जिससे उनकी समग्र विकास में मदद मिल सके। रॉकेट लर्निंग ऑर्ग और महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त प्रयास से इस मिशन को जिले में लागू किया जा रहा है, जो बच्चों के शैक्षिक और सामाजिक विकास पर केंद्रित है। कार्यक्रम प्रबंधक दीक्षा जायसवाल ने कहा कि तीन से छाः वर्ष के बच्चों के लिए जितना आहार जरूरी है उतनी ही शिक्षा जरूरी है तब ही बच्चें हर क्षेत्र में सफलता अर्जित करेंगे।

कार्यक्रम अधिकारी राहुल चौरसिया ने बताया कि आगंनबाड़ी केंद्र केवल पौषण आहार के माध्यम नहीं बच्चों के आधारशिला केंद्र है। आंगनबाड़ी केंद्रों के परियोजना अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को मिशन न्यू को लेकर जिला समंवयक साकेब खान और विकास मेबाड़ा के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

# अहमदपुर भाजपा मंडल की बैठक में 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ मनाने को लेकर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर

प्रधनमंत्री के जन्म दिन के उपलक्ष में भाजपा उनके जन्मदिन को सेवा पखबाड़े के रूप में मनाने की तैयारी में जुटी है इसको लेकर चरनाल के गायत्री गार्डन में बुधवार को अहमदपुर भाजपा मंडल की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा अहमदपुर मण्डल की सेवा पखवाड़ा के संबंध में मण्डल बैठक का आयोजन प्रभारी रुपेश पटेल (पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष कोठरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन हर बूथ पर सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जाएगा। अहमदपुर मंडल अध्यक्ष प्रीतम गौर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में हर बूथों पर भाजपा कार्यकर्ता सेवा पखवाड़े के रूप में, कार्यक्रम आयोजित करेगा, 2 अक्टूबर तक हर बूथ पर कार्यक्रम आयोजित होंगे जिसमें रक्तदान स्वच्छता अभियान सहित तमाम गतिविधियों भाजपा कार्यकर्ता द्वारा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित की जाएगी। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष अहमदपुर प्रीतम गौर, वरिष्ठ भाजपा नेता जनपद सदस्य, जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता सहित समस्त बूथों के प्रभारी, सरपंच बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



### उर्पाजन के संबंध में बैठक आयोजित, कलेक्टर ने दिए निर्देश

# 10 अक्टूबर तक होगी किसान पंजीयन की समयावधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए किसान पंजीयन की समयावधि 10 अक्टूबर 2025 तक निर्धारित की गई है। कलेक्टर बालागुरू के. ने समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के उपार्जन के लिए किसान पंजीयन के संबंध बैठक आयोजित कर सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश है कि किसान पंजीयन में किसी भी प्रकार की कठनाई न हो इसके लिए निर्धारित पंजीयन केन्द्रों का निरीक्षण के निर्देश दिये और कहा कि एमपी ऑनलाईन, कियोस्क कामन सर्विस सेन्टर, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर किसान पंजीयन सःशुल्क (अधिकतम 50 रु. प्रति पंजीयन) कराया जा सकेगा। इस प्रकार प्रति पंजीयन के लिए 50 रु से अधिक शुल्क नहीं लिया जाये। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अन्तर्गत पंजीयन कार्य हेतु इच्छुक कियोस्क सेन्टर के प्रबंधकों द्वारा mpeuparjan.nic.in पोर्टल पर पूर्ण रूप से स्पष्ट जानकारी व आवश्यक दस्तावेज (आधार कार्ड, फर्म का पंजीयन प्रमाण पत्र) दर्ज करें। पंजीयन केन्द्रों पर पंजीयन सुविधा एवं शुल्क राशि के संबंध में में आवश्यक बैनर स्वयं प्रतिष्ठान द्वारा अपने व्यय पर लगाया जाए।

### पंजीयन के लिए यह दस्तावेज आवश्यक

खरीफ उपार्जन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मोटा अनाज उपार्जन हेतु निर्धारित प्रारूप में किसान पंजीयन आवेदन मय समस्त आवश्यक दस्तावेज समग्र आईडी, आधार नंबर, बैंक खाता पास बुक, मोबाईल नम्बर, आदि का सनुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड अनिवार्य रूप संधारित किया जाये साथ ही सिकमी/बटाईदार/वनाधिकारी पट्टाधारी किसानों का पंजीयन सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर ही होगा। एम.पी ऑनलाईन, सीएससी में नहीं होगा। सिकमी /बटाईदार/वनाधिकारी पट्टाधारी किसानों का शत-प्रतिशत सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जायेगा। उन्होंने निर्देशित किया है कि समय-सीमा में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए किसान पंजीयन प्रक्रिया को निर्बाध रूप से संपादित किया जा सकें।

# सोयाबीन खरीदी रजिस्ट्रेशन साइट बंद सैकड़ों किसान हो रहे रोज परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

समर्थन मूल्य पर सोयबीन बेचने के लिए किसान रजिट्रेशन नहीं करा पा रहे है लम्बे समय से सरकारी सोयाबीन खरीदी रजिट्रेशन साईट बंद पड़ी हुई है इधर अनेक गांवों में सोयाबीन की फसल पक कर तैयार भी हो गई है। रजिट्रेशन नहीं होने की दशा में किसानों को काफी कम दाम पर अपनी सोयाबीन की फसल को बेचना पड़ता है जिस से किसानों को आर्थिक नुकसान होता है।

मंगलवार को किसान नेता बने सिंह दांगी के नेतृत्व किसानों के द्वारा डिप्टी कलेक्टर वंदना राजपूत को मुख्यमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में सोयबीन ऑनलाईन साइट चालू किए जाने की मांग की है। संबंध में बने सिंह दांगी ने बताया कि खरीफ सोयाबीन फसल पक कर तैयार है लेकिन अभी तक सोयाबीन खरीदी के लिए पंजीयन साईट चालू नहीं की गई है। पंजीयन साईट जल्द से चालू की जाए ताकी किसान पंजीयन करा सके और सर्मथन मूल्य पर अपनी उपज बेच सके क्योंकी मंडियों में समर्थन मूल्य से नीचे 800 से 300 रुपये सौ कम दाम पर खरीदी हो रही है जिसमे किसानो की लागत भी नहीं मिल पा रही है।

